पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने ईदगाह जाकर बकरीद की मुबारकबाद दी

लखनऊः 14 सितम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने बकरीद के अवसर पर ऐशबाग ईदगाह जाकर उपस्थित जनसमूह को ईद-उल-अजहा की हार्दिक बधाई देते हुए समस्त प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्रदेश की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री रविदास मेहरोत्रा, प्रमुख सचिव सूचना श्री नवनीत सहगल, पुलिस महानिदेशक श्री जावीद अहमद, पूर्व कुलपति श्री अनीस अंसारी सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित थे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि मोहम्मद साहब ने सबको साथ लेकर चलने का पैगाम दिया था। गरीबों को उनके परिवार सहित अपनी खुशियों में शामिल करें। अपनी हैसियत के हिसाब से गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करते रहें। मोहम्मद साहब ने कहा था कि वह इंसान नहीं है जो खुद भरपेट खायें मगर पड़ोसी, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, भूखा हो। मोहम्मद साहब का यह पैगाम केवल मुसलमानों के लिए नहीं है बल्कि पूरी इंसानियत के लिए है। हमारी भारतीय संस्कृति में पूरे विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की संज्ञा देते हुए एक परिवार माना गया है। हम सब एक परिवार के हैं, इस भूमिका में हमें आपस में व्यवहार करना चाहिए और हमें अपने परिवार का पूरा ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब का हम लोगों के लिये बकरीद पर यही संदेश है।

श्री नाईक ने इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, जो हज यात्रा के लिए गये हुए है उन्हें हज की मुबारकबाद भी दी।

अंजुम/ललित/राजभवन (330/22)

ईदगाह कमेटी
लखनऊ
EIDGAH COMMITTEE
Lucknow.
عیدگاہ کمیٹی
ईदगाह कमेटी आपका इस्तक़बाल करती है
LUCKNOW